प्रेस नोट

नगदी भुगतान के लिये चिंतित न हों किसान

–श्याम सुन्दर शर्मा

विदिशा, 27.04.2017

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा के अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर शर्मा ने किसानों को रही नगदी की समस्या के संबंध में किसान भाईयों से अपील की है। बैंक अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि, शीघ्र ही नगदी की समस्या को दूर किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि, रिजर्व बैंक द्वारा जिले के सभी बैंकों को कम मात्रा में नगदी प्राप्त हो रहा है जिससे जिले में किसान भाईयों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन एवं बैंक के अधिकारी इस संबंध में लगातार बैंकों से संपर्क बनाये रखें हैं और नगदी की व्यवस्था बनाने में हर संभव प्रयत्न कर रहे हैं।

बैंक अध्यक्ष ने किसान भाईयों से यह भी अपील की है कि नगदी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के चलते किसान भाई अपने खाते की राशि को अन्य खातों में ट्रांसफर करा सकते हैं, चैक द्वारा भुगतान कर सकते हैं, एन.ई.एफ.टी. की सुविधा का लाभ भी लें और व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने हेतु किसान भाई भी सहयोग करें। इस हेतु उन्होंने बैंक शाखा के स्टाफ को निर्देशित किया है कि किसान भाईयों की हर संभव मदद की जाये।

बैंक अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि, नगदी की समस्या सामयिक है जिसे शीघ्र ही दूर किया जा रहा है। जिला सहकारी बैंक हमेशा किसान भाईयों की मदद के लिए कटिबद्व है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
विदिशा

प्रति,

प्रतिनिधि/ब्यूरो चीफ

दैनिक ....

विदिशा